प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

MODEL PAPER - 1

समय : 3.00 घंटा | विषय :तृतीय भाषा हिंदी | अंक :80

I.निम्न लिखित प्रश्नों के लिये चार-चार विकल्प दिये गये हैं उनमे से एक सही उत्तर चुनकर लिखिये:- *8 × 1=8*

1. आगमन शब्द का विलोम शब्द है ______________

A) अनुगमन B) निर्गमन C) शुभगमन D) निगमन

2. परोपकार यह शब्द संधि के लिए उदाहरण है _____________

A) गुण संधि B) दीर्घ संधि C) वृद्धि संधि D) यण संधि

3. सोना शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक शब्द है _____________

A)सुलाना B)सुलवाना C) सुनना D) सोनना

4. नौकरी शब्द का बहु वचन रूप _____________

A) नौकरे B) नौकरियाँ C) नौकरियों D) नौकरिएँ

5.देश-विदेश यह शब्द इस समास के लिए उदाहरण है _____________

A) कर्मधारय B) द्वंद्व C) द्विगु D) तत्पुरुष

6. पौ फटना इस मुहावरे का अर्थ है _____________

A)पैर फटना B)प्रभात होना C) शाम होना D) सुबह होना

7. कर्नाटक राज्य _____ शिल्प कला अनोखी है। इसमें युक्त कारक चिन्ह …

A)का B) के C) की D) कि

8. आज का युग इंटरनेट का युग है इसमें युक्त विरामादि चिन्ह है ___________

A) अल्पविराम B)पूर्ण विराम C) प्रश्न चिन्ह D) अर्ध विराम

II. *निम्न लिखित प्रथम दो शब्दो के सूचित संबंधो के अनुरूपता तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिये:-* *4 × 1=4*

9. अब्दुल कलाम : आशियम्मा :: बचेंद्री पाल : _________

10. सेब बेचने वाला : बेईमान :: रेवाड़ी बेचने वाला : _________

11. जसुमति : यशोदा :: बलभद्र : _______________

12. कश्मीरी सेब : कहानी :: गिल्लू : _____________

DIET CHITRADURGA

III. निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर एक एक वाक्य मे लिखिये :- ***4 ×1=4***

13. तुलसी के अनुसार मुखिया कैसे होना चाहिए ?

14. भारत माता के हाथों में क्या है ?

15.लेखक दूसरे दर्जे मे क्यों सफ़र करना चाहते थे ?

16. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?

IV. निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर दो – तीन वाक्यो में लिखिये :- ***8 × 2=16***

17.आशिम्मा अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थी ?

18. छलनी से हम क्या क्या करसकते हैं ?

19.परसाई जी का स्वागत कैसे हुआ ?

20.कृष्णा अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?

21.समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

22. ई-गवर्नेस क्या है ?

23. शनि ग्रह को शनैश्चर क्यों कहते हैं ?

अथवा

शनि किसका पुत्र है ? शनैश्चर का मतलब क्या है ?

24. सत्य क्या होता है ?

अथवा

झूठ का सहारा लेते हैं तो क्या क्या सहना पड़ता है ?

V. निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर तीन-चार वाक्यो में लिखिये :- ***9× 3=27***

25.दक्षिणी शिखर पर चढ़ते समय बछेंद्री के अनुभव का विवरण दीजिए |

26.बसंत एक ईमानदार लड़का है | कैसे ?

27.'प्रकृति पर सर्वत्र है विजई पुरुष आसीन ' इस पंक्ति का आशय क्या है ? समझाइए |

28.ज़ैनलाब्दिन नमाज के बारे में क्या कहते थे ?

29.गिल्लू के क्रियाकलाप के बारे में लिखिए |

30.मातृभूमि कविता के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए |

31.सेब की हालत के बारे में लिखिए |

DIET CHITRADURGA

32.इस कविता का भावार्थ लिखिए :-

तुलसी साथी विपत्ती के, विद्या विनय विवेक।

साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसे एक॥

33. गद्यांश क अनुवाद कन्नड या अंग्रेज़ी मे कीजिए :-

मानव को सतत प्रयत्नशील होना चाहिए | दूसरों की सहायता से वह नवीन वस्तुओं को बनाना भी सीखता है | ना केवल लोगों से अपितु प्राणिय़ों से भी हमें सीख मिलती है ।

VI. 34. निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर पांच -� वाक्यो में लिखिये :- ***2× 4=8***

कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिये ।

अथवा

कर्नाटक के प्राक्रुतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिये ।

VI. 35. निम्नलिखित कवितांश को पूर्ण कीजिए:-

असफलता -----------------------------------

संघर्ष--------- ----------------------भागो तुम ।

VII. 36. ***निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-***

1× 4=4

भारत की आर्थिक समस्याओं में बेरोजगारी एक प्रमुख समस्या है | वस्तुतः यह कैसी बुराई है जिसके कारण उत्पादक मानव शक्ति ही नहीं नष्ट होती, वरन देश का भावी आर्थिक विकास भीअवृद्द होता है। जो श्रमिक अपने कार्य के द्वारा देश के आर्थिक विकास में सबसे सहयोग दे सकते थे,वे कार्य के अभाव में बेकार रह जाते हैं । यह स्थिति हमारे आर्थिक विकास में बाधक है ।

क) भारत की आर्थिक समस्याओं में प्रमुख समस्या कौन सी है ?

ख) बेरोजगारी से क्या परिणाम पड़ता है ?

ग) देश के आर्थिक विकास में सक्रिय सहयोग कौन दे सकते हैं ?

घ) आर्थिक विकास में बाधक कौन है ?

DIET CHITRADURGA

VII. 37. *दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर 15-20 वाक्य में कोई एक विषय पर निबंध लिखिए :-*

1× 4=4

क) वन महोत्सव

* विषय प्रवेश
* मानव और प्रकृति वृक्षों का उपयोग
*वनों से लाभ
*उपसंहार

ख) इंटरनेट की उपयोगिता

*प्रस्तावना
*क्षेत्र का उपयोग
*हानि
*उपसंहार

ग) जनसंख्या की समस्या

* प्रस्तावना
*वृद्धि के कारण
* परिणाम
*परिहार

IX. 38. *निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए:-* 1×5=5

*कोई भी कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पर एक पत्र लिखिए |

अथवा

* शैक्षिक यात्रा में जाने के लिए अनुमति पत्र और पैसे मांगते हुए अपने पिता के नाम पत्र लिखिए |

DIET CHITRADURGA